# University in News on 26 September 2021

University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष
100 Years 1920-2020

TIMES OF INDIA PAGE 2

## Online BEd counselling for 2.5L seats on

Times News Network

**Lucknow:** The second phase of online counselling process for admission to over 2.5 lakh BEd seats in around 20,000 colleges across the state began on Saturday following declaration of the seat allotment results by Lucknow University which is the examination conducting body.

"The process of online registration for the second phase of counselling (from state rank 75,001 to 2,00,000) began on Saturday. Candidates have to lock choices from the list of colleges available on the website," said BEd state coordinator Amita Bajpai. She said the candidates have to note down codes of the colleges of their choice and fill them in as many numbers as possible in the order of their interest so that they can get admission in the BEd college of their choice, she added.

The UP Joint Entrance-Examination BEd 2021 was held on August 6. About 5.9 lakh candidates had registered for the entrance test, of which 5.3 lakh appeared in the examination. The results of the test were declared on August 27.

In the first phase of the counselling, the candidates who bagged ranks from 1 to 75,000 were given the opportunity to lock seats in various colleges.

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

## 10 कोर्सों में चॉइस फिलिंग का आज और मौका

### लविवि : बीए, बीएससी के लिए आज से शुरू होगी काउंसिलिंग

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक के 10 पाठ्यक्रमों की प्रवेश काउंसिलिंग 22 सितंबर से शुरू हुई थी, जिसके तहत विद्यार्थियों को 25 सितंबर तक चॉइस फिलिंग का मौका दिया गया था। विद्यार्थियों की मांग को देखते हुए विवि प्रशासन ने चॉइस फिलिंग एक दिन और बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी 26 सितंबर तक चॉइस भर सकते हैं। वहीं, बीए व बीएससी मैथ्स व बायो में प्रवेश के लिए ऑनलाइन चॉइस फिलिंग 26 सितंबर से शुरू होगी है।

स्नातक में बीवोक, बीजेएमसी, बीएससी एग्रीकल्चर, बीएलएड, एलएलबी फाइव ईयर, बीसीए, बीबीए, बीवीए-बीएफए, बीकॉम चारवर्षीय व बीकॉम ऑनर्स की चॉइस फिलिंग 22 सितंबर से शुरू की गई थी। काउंसिलिंग में उन सभी अभ्यर्थियों को शिरकत करने का मौका दिया गया था, जिनका नाम और रैंक ओवर ऑल (प्रोविजनल) मेरिट लिस्ट में शामिल हैं। चॉइस फिलिंग के लिए अभ्यर्थी को 200 रुपये एवं एडवांस फीस के रूप में 500 रुपये सहित कुल 700 रुपये जमा करने हैं। यदि अभ्यर्थी को उसके दिए गए विकल्पों में से कोई भी कॉलेज या लविवि आवंटित नहीं होता है तो एडवांस फीस वापस कर दी जाएगी।

यदि अभ्यर्थी को उसके दिए गए विकल्पों में से कॉलेज आवंटित होता है तो एडवांस फीस शेष फीस में समायोजित कर दी जाएगी। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि अभ्यर्थियों की मांग पर चॉइस फिलिंग का एक दिन और बढ़ा दिया गया है। विद्यार्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर चॉइस फिलिंग से संबंधित निर्देश पढ़कर काउंसिलिंग में शामिल हो सकते हैं।

### बीए और बीएससी में 29 तक भर सकेंगे चॉइस

**लखनऊ।** ऑनलाइन स्नातक प्रवेश काउंसिलिंग के तहत चार वर्षीय बीए व बीएससी मैथ्स व बायो में प्रवेश के लिए ऑनलाइन चॉइस फिलिंग 26 सितंबर से शुरू हो रही है। काउंसिलिंग में भी वे सभी अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं, जिनका नाम और रैंक ओवर ऑल (प्रोविजनल) मेरिट लिस्ट में शामिल हैं। 26 को सुबह 10 बजे से 29 सितंबर चॉइस फिलिंग होगी। अभ्यर्थी अपनी लॉगिन आईडी (जो फॉर्म भरने के समय से उसे प्राप्त है) का प्रयोग करके कॉलेज एवं विश्वविद्यालय की सीटों पर अपनी प्राथमिकता दे सकेंगे।


प्रतीकात्मक

### पीजी की दूसरी मेरिट लिस्ट जारी

श्री जय नारायण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एमएससी रसायन विज्ञान, भौतिकी, वनस्पति विज्ञान की दूसरी मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई है। प्राचार्या डॉ. मीता साह ने बताया कि बीकॉम ऑनर्स, बीएससी कंप्यूटर साइंस, बीएससी मैथ्स की आठवीं मेरिट लिस्ट, बीबीए आईबी की पांचवीं मेरिट लिस्ट भी जारी कर दी गई है। इसी क्रम में बीए व बीकॉम की भी सातवीं मेरिट लिस्ट जारी की गई है। उन्होंने बताया कि जिन अभ्यर्थियों के नाम मेरिट लिस्ट में हैं वे 27 सितंबर को सुबह 10 बजे कॉलेज में उपस्थित होकर अपना प्रवेश सुनिश्चित कराएं। प्राचार्या ने बताया कि एलएलबी व एमकॉम, एमकॉम अप्लाइड इकोनॉमिक्स, एमए हिंदी, एमए अंग्रेजी, एमए समाजशास्त्र, एमए अर्थशास्त्र में प्रवेश की पहली मेरिट लिस्ट आज जारी करनी थी। वह अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। जल्द ही इसकी विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

JAGRAN CITY PAGE I

## 35,727 अभ्यर्थियों ने चुने पसंदीदा कालेज

**जागरण संवाददाता, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा अगस्त में आयोजित की गई उप्र संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2021-23 की काउंसिलिंग के प्रथम चरण (स्टेट रैंक 01 से 75,000 तक) के सीट आवंटन का परिणाम शनिवार को घोषित कर दिया गया। इस चरण में 36,294 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण किया और कुल 35,727 अभ्यर्थियों ने विश्वविद्यालय या महाविद्यालय के विकल्प लाक किए, जबकि 567 अभ्यर्थियों ने केवल पंजीकरण किया, लेकिन कोई भी विकल्प नहीं भरे।

काउंसिलिंग के पहले चरण में कुल 30,031 अभ्यर्थियों को चयनित बीएड महाविद्यालयों में सीटें आवंटित हुईं। इसमें सामान्य श्रेणी की 25,632, अन्य पिछड़ा वर्ग की 1,841, अनुसूचित जाति की 1,165, अनुसूचित जनजाति की 30, अन्य राज्यों के 728 व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 635 अभ्यर्थियों को विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में सीटें आवंटित हुईं। काउंसिलिंग के द्वितीय चरण के लिए (स्टेट रैंक 75,001 से 2,00,000 तक) आनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2021-23 की राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि महाविद्यालय चयन के पूर्व वेबसाइट पर उपलब्ध महाविद्यालयों की सूची से पसंद के महाविद्यालयों के कोड नोट कर लें। उन्हें रुचि के क्रम में अधिकाधिक संख्या में भरें, जिससे पसंद के बीएड महाविद्यालय में प्रवेश पा सकेंगे।



HINDUSTAN PAGE 4 & 8

## बीएड: पहले चरण में 30 हजार को कॉलेज

काउंसलिंग

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से अगस्त माह में हुई उप्र संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2021-23 की काउंसलिंग के प्रथम चरण के सीट आवंटन का परिणाम शनिवार को घोषित किया गया।

पहले चरण में 36294 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण किया था और कुल 35727 अभ्यर्थियों ने विकल्प लॉक किए। 567 ऐसे अभ्यर्थी हैं जिन्होंने पंजीकरण किया लेकिन विकल्प लॉक नहीं किए। प्रथम चरण में कुल 30031 अभ्यर्थियों को उनके द्वारा चुने गए बीएड कॉलेजों में सीटें आवंटित हुई। इनमें सामान्य श्रेणी की 25632, अन्य पिछड़ा वर्ग की 1841, अनुसूचित जाति की 1165, अनुसूचित जनजाति की 30, अन्य राज्यों के 728 व आर्थिक रूप से पिछडा वर्ग के 635 अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में सीटें आवंटित हुई हैं। द्वितीय चरण के लिए पंजीकरण शनिवार से शुरू हो गए। प्रवेश राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने कहा कि अभ्यर्थी च्वाइस-फिलिंग प्रक्रिया में महाविद्यालय चयन के पूर्व वेबसाइट पर उपलब्ध महाविद्यालयों की सूची से पसंद के महाविद्यालयों के कोड नोट कर लें तथा उन्हें अपनी रुचि के क्रम में अधिकारिक संख्या में भरें, जिससे पसंद के महाविद्यालय में प्रवेश ले सकें।

### एलयू: च्वाइस फिलिंग का मौका आज भी

लखनऊ विश्वविद्यालय की सत्र 2021-22 के स्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रवेश के अंतर्गत कई पाठ्यक्रमों की च्वाइस फिलिंग चल रही है। च्वाइस फिलिंग की अंतिम तिथि 25 थी जिसे बढ़ाकर 26 सितम्बर कर दिया गया है। जिनके लिए एक दिन का समय और बढ़ाया गया है, उन पाठ्यक्रमों में बीवोक, बीजेएमसी, बीएससी एग्रीकल्चर, बीएलएड, इंटीग्रेटेड एलएलबी, बीसीए, बीबीए, बीकॉम (एनईपी), बीकॉम ऑनर्स शामिल हैं।

### एलयू में 61 छात्रों की हुई शिविर में जांच

**लखनऊ।** एलयू के लाल बहादुर शास्त्री हॉल में 61 छात्रों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। यह इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड मॉलिक्युलर जेनेटिक्स एंड इनफेक्शियस डिसीजेस, ओएनजीसी केंद्र द्वारा आयोजित दूसरा शिविर था। रैंडम ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप, पल्स रेट आदि शिविर में मापे गए।

FIRST INDIA PAGE 2

## Choice filling for admission in Lko varsity begins today

First India Bureau

**Lucknow:** Choice filling for the various courses in Lucknow University will begin on Sunday. Choice filling for the admission in BA (NEP2020), four year programme, B.Sc. Maths (NEP 2020) four year programme and B.Sc. Biology (NEP 2020) four year programme, will start from 10 am onwards.

The choice filling under counseling is to be done by all those candidates whose name and rank appear in the overall (provisional) merit list.

For choice filling, the candidate will have to deposit Rs 200 and Rs 500 (total Rs 700) as advance fee. If they do not get courses from the given options, then the advance fee will be refunded and if the candidate is allotted a college from the options given by him, then this advance fee will be adjusted against the remaining fee.